# विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना

**स्रोत: पी.आई.बी**

हाल ही में, सहकारिता मंत्रालय ने **सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना** की प्रगति पर प्रकाश डाला, जिसमें पूरे भारत में **प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) में गोदामों** के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

- इस योजना का उद्देश्य **विकेंद्रीकृत भंडारण सुविधाएँ, प्रसंस्करण इकाइयाँ और कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करके PACS** को सशक्त बनाना है।
  - 24 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में PACS में **गोदामों और अन्य बुनियादी ढाँचे** का विकास किया जाएगा, जिससे भंडारण में सुधार होगा तथा खाद्यान्न की बर्बादी कम होगी।
- अनाज भंडारण योजना की पायलट परियोजना के अंतर्गत **महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, असम, तेलंगाना, त्रिपुरा और राजस्थान में 11 PACS** में अनाज भंडारण गोदामों का निर्माण किया गया है।
  - पायलट परियोजना को आगे बढ़ा दिया गया है तथा गोदामों के निर्माण के लिये **500 से अधिक** अतिरिक्त पैक्स की पहचान की गई है।
- **कृषि अवसंरचना कोष (AIF)** और कृषि विपणन अवसंरचना योजना (AMI) के माध्यम से पैक्स को सब्सिडी और ब्याज सहायता प्रदान की जाती है।
- **PACS ग्राम स्तरीय सहकारी ऋण समितियाँ** हैं जो राज्य स्तर पर **राज्य सहकारी बैंकों (SCB)** की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय सहकारी ऋण संरचना में अंतिम कड़ी के रूप में कार्य करती हैं।

**और पढ़ें:** सहकारी क्षेत्र में अनाज भंडारण योजना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-s-largest-grain-storage-plan-in-cooperative-sector-1